
# पश्चिम एशिया में तनाव, फिसला शेयर बाजार



मुंबई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों ने सोमवार को वित्तीय एवं ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में खासी बिकवाली की जिससे घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी लगभग एक प्रतिशत तक गिर गए। विश्लेषकों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच छिड़े संघर्ष से अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई है जिससे निवेशक बड़ा जोखिम लेने से बच रहे हैं। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 483.24 अंक यानी 0.73 प्रतिशत गिरकर 65,512.39 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 141.15 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,512.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह निफ्टी के 50 में से 43 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.05 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके बाद बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एसबीआई, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयरों में भी प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस ने चौतरफा गिरावट के इस रुझान के उलट क्रमशः 1.02 प्रतिशत एवं 0.47 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। रोजमर्रा के उत्पाद वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर में भी 0.32 प्रतिशत की तेजी रही। इस सप्ताह के अंत में घोषित होने वाले वृहद-आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सावधानी बरती। अगस्त के लिए औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण संबंधी आंकड़ों की घोषणा 12 अक्टूबर को की जाएगी जबकि 13 अक्टूबर को सितंबर महीने के लिए थोक मुद्रास्फीति की घोषणा की जाएगी। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहा जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। जापान के निक्की में आज अवकाश था। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख देखा जा रहा था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल 3.32 प्रतिशत के बड़े उछाल के साथ 87.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 90.29 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों के शेयर बेचे। शुक्रवार को सेंसेक्स 364.06 अंक चढ़कर 65,995.63 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 107.75 अंक की बढ़त के साथ 19,653.50 अंक पर रहा था।

## शुद्ध शून्य उत्सर्जन का 2070 का लक्ष्य कुछ अधिक दीर्घकालिक





नयी दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि शुद्ध शून्य कॉर्बन उत्सर्जन का 2070 का लक्ष्य च्कुछ अधिक दीर्घकालिक है। उन्होंने संकेत दिया है कि देश इस लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर सकता है। शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य के तहत भारत को 2070 तक शतप्रतिशत अक्षय ऊर्जा की ओर स्थानांतरित होना है। पुरी ने सोमवार को यहां 26वीं ऊर्जा प्रौद्योगिकी बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 2070 तक हमारा शुद्ध शून्य लक्ष्य थोड़ा अधिक लंबा है।%% उन्होंने कहा कि भारत तेजी से ऊर्जा बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गेल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और अन्य ने ऊर्जा बदलाव के लिए 2035 से 2040 का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भारत में ऊर्जा बदलाव पहले जीवाश्म आधारित से स्वच्छ ईंधन और फिर नवीकरणीय ऊर्जा की ओर होगा। इजराइल-फलस्तीन संघर्ष पर उन्होंने कहा कि इस तरह के संकट ऊर्जा को जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा आदि की ओर तेजी से ले जाते हैं। इजराइल पर शनिवार को हमास के उग्रवादियों ने हमला किया था और तब से दोनों पक्षों में संघर्ष छिड़ा हुआ है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो चुकी है। पुरी ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगले दो दशक में दुनिया में ऊर्जा की मांग का 25 प्रतिशत भारत से आएगा।

## एसबीआई से हरित पहल के लिए कर्ज लेने पर मिलेगी विशेष छूट

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) कर्ज लेने वालों के लिए जोखिम स्तर के आकलन पर काम कर रहा है, जहां वह हरित पहल के लिए विशेष छूट देता है। बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि बैंक जलवायु जोखिमों को कम करने और टिकाऊ वित्तपोषण के लिए अपने 33 लाख करोड़ रुपए के पोर्टफोलियो के कार्बन पदचिह्न को माप रहा है। चेयरमैन ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा बैंक स्तर पर हमने अपने कर्जदारों के जोखिम के उस स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है, जहां हम हरित पहल के लिए कुछ विशेष छूट देते हैं। उन्होंने हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। गौरतलब है कि खारा कंपनियों द्वारा पर्यावरण को बचाने के झूठे वादों (ग्रीन-वॉशिंग) के खिलाफ चेतावनी देते रहे हैं। उन्होंने हरित वित्त के लिए बेहतर परियोजना रिपोर्ट का आह्वान किया ताकि हरित वित्त क्षेत्र को प्रभावित करने वाली सूचना विषमता को कम किया जा सके। उन्होंने हरित वित्त पारिस्थितिकी तंत्र पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक नीति ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## फ्यूल ने 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप दी

पुणे। वंचित तबकों के युवाओं के सशक्तिकरण हेतु समर्पित गैर सरकारी संगठन फ्यूल ने पुणे में अपने 17वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया और हाशिए पर जी रहे समुदायों के उत्थान के अपने संकल्प को दोहराया। इस मौके पर रुचिपूर्ण गतिविधियां हुईं और वंचित वर्ग की 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। ये स्कॉलरशिप कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से जिंदगियों को बेहतर बनाने की फ्यूल की प्रतिबद्धता को प्रकट करती हैं।

## महंगा हो सकता है बीमा प्रीमियम

नयी दिल्ली। इस्राइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध का खामियाजा भारतीय निर्यातकों को भी उठाना पड़ सकता है। भारत से इजराइल को भारी मात्रा में सामान का निर्यात करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि युद्ध के कारण निर्यातकों को उच्च बीमा प्रीमियम और शिपिंग लागत का सामना करना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के जानकारों ने कहा कि अगर आगे युद्ध नहीं बढ़ता है, तो भारतीय निर्यातकों का मुनाफा भले ही कम हो जाए, निर्यात की मात्रा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा, भारत के वाणिज्यिक निर्यात के लिए युद्ध के कारण बीमा प्रीमियम और शिपिंग लागत में वृद्धि हो सकती है। भारत की ईसीजीसी इस्राइल को निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों से उच्च जोखिम प्रीमियम वसूल सकती है। ईसीजीसी लि. (पूर्व में एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि.) पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी है। टेक्नोक्रॉफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन व मुंबई स्थित निर्यातक शरद कुमार सराफ ने कहा, अगर संघर्ष तेज हुआ तो निर्यातकों के लिए हालात कठिन हो सकते हैं।

## शक्ति पम्पस् को मिला पीएम कुसुम स्कीम कम्पोनेन्ट सी का पहला कमर्शियल ऑर्डर

पीथमपुर। रिन्युएबल एनर्जी क्षेत्र में प्रमुख कंपनी शक्ति पंप्स को अजमेर विद्युत वितरण निगम के द्वारा पीएम कुसुम स्कीम कम्पोनेन्ट सी के तहत अपना पहला 149.7 करोड़ रुपये का कमर्शियल ऑर्डर प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सोलन एनर्जी के उपयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो ऊर्जा और कृषि पद्धतियों को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में कार्य करती है। इस परियोजना में अकुशल विद्युत पंपों को बीएलडीसी सोलर पंपसेटों से बदला जाएगा जहां पंपसेट सौलर एनर्जी के माध्यम से उत्पन्न बिजली पर चलेंगें और शेष बिजली को ग्रिड में भेजा जा सकेगा, शेष बची हुई बिजली को डिस्कॉम को बिक्री करने से किसानों को कमाई का अवसर भी प्राप्त होगा। शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा यह परिवर्तनकारी प्रयास अन्नदाता को ऊर्जा दाता में बदल देगा। पम्पसेट की कास्ट 10 लाख रुपये है और प्रतिवर्ष 2 लाख रुपये की बिजली बचाकर डिस्कॉम अपने पंपसेट की कास्ट को 5 साल में रिकवर कर पाएगा और साथ ही यह किसानों को कई तरह से सहायता प्रदान करेगा जैसे 2 लाख तक की सालाना बिजली बिल की बचत और डिस्कॉम को शेष बिजली बेचकर 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष और पांच वर्षों में 2.5 लाख रुपये तक कमाने का अवसर प्राप्त होगा।

## अयोध्या में ग्रामीण ऋण मेले का आयोजन



अयोध्या। भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक ग्रामीण ऋण मेले का आयोजन किया। मेले में अयोध्या और पूर्वी उत्तर प्रदेश के आसपास के जिलों के आठ जिलों और 40 तहसीलों के 8 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। मेला ग्राहकों के लिए कृषि ऋण, एमएसएमई ऋण, परिवहन उपकरण पर ऋण और स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य पर कई प्रस्तावों का लाभ उठाने का एक अवसर है। राहुल श्याम शुक्ला, समूह प्रमुख वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा अयोध्या ग्रामीण ऋण मेला उत्तर प्रदेश के गहन ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है पूरे वर्ष के दौरान, हम देश के गहन भौगोलिक क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण लोगों के लिए ऋण को आसान बना रहे हैं। यह पहल ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। हमें अपने प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने में सक्षम होने पर गर्व है।

## जियोमार्ट दे रहा ग्राहकों को अस्सी फीसदी तक छूट

मुंबई। जियोमार्ट के शुरू हुये फेस्टिवल सेल जियो उत्सव सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया पर ग्राहकों को सभी केटेगरी में 50 से 80 प्रतिशत तक की छूट का प्रदान कर रहा है। आठ अक्टूबर को शुरू हुये इस उत्सव में जियोमार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एंड किचन, फैशन एंड लाइफस्टाइल, ब्यूटी, किराना और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित सभी केटेगरी में सलेक्शन की एक बड़ी रेंज की पेशकश करता है, जिस पर हर घंटे फ्लैश डील और अतिरिक्त फेस्टिवल डिस्काउंट का फायदा भी दिया जा रहा है। इसके अलावा जियोमार्ट स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर 80 प्रतिशत तक की छूट के साथ-साथ घरेलू उपकरणों, स्मार्ट टीवी, साउंडबार और इसी तरह के दूसरे प्रोडक्ट्स पर 70 प्रतिशत तक की छूट तथा कुछ बेमिसाल डील्स की पेशकश कर रहा है। त्योहारों का मौसम इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदारी के लिए सबसे अच्छा समय होता है जिसमें कई ब्रांड्स पर छूट उपलब्ध हैं।

### सिएट को मिला वैश्विक स्तर पर डेमिंग ग्रैंड पुरस्कार

मुम्बई। सिएट लिमिटेड को प्रतिष्ठित डेमिंग ग्रैंड पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस तरहए सिएट 2023 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाला दुनिया का पहला टायर ब्रांड बन गया है। डेमिंग ग्रैंड पुरस्कार उन संगठनों के लिए शानदार सम्मान है, जिन्हें डेमिंग पुरस्कार मिला है और जिन्होंने तीन साल से अधिक समय से अपनी कुल गुणवत्ता प्रबंधन टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट टीक्यूएम प्रथाओं को बनाए रखा और इसे बेहतर करना जारी रखा है। सिएट 15 साल से अधिक समय से टीक्यूएम के सफर पर है और यह 2017 में प्रतिष्ठित डेमिंग पुरस्कार जीतने वाली जापान के बाहर की पहली टायर कंपनी थी। डेमिंग ग्रैंड का गठन 1969 में किया गया था और यह यूनियन ऑफ जैपनीज़ साइंटिस्ट्स एंड इंजिनियर्स जेयूएसइ द्वारा कुल गुणवत्ता प्रबंधन टीक्यूएम में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाने वाले लंबे समय से चले आ रहे गुणवत्ता पुरस्कारों में से एक है।

### वी ने लांच बी समवन्स वी सुपर कनेक्टेड कैम्पेन

मुम्बई। वी ने भावनात्मक रूप से अपील करने वाले क्रिएटिव कैंपेन बी समवन्स वी का लॉन्च किया है, बेहतर आज और उज्जवल कल के निर्माण में अपने उपभोक्ताओं के लिए पार्टनर बनने के दृष्टिकोण के साथ कंपनी यह कैंपेन लेकर आई है। यह कैंपेन एक शक्तिशाली संदेश देता है कि अच्छे बुरे हर समय में एक दूसरे का साथ देंए आपका छोटा सा काम भी मायने रखता है। यह कैंपेन रोज़मर्रा के जीवन से प्रेरित है और बताता है कि किस तरह से नेटवर्क मनुष्यों समाज को एक दूसरे के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देकर समावेशन को प्रोत्साहित करता है। यह कैंपेन संदेश देता है कि एक छोटा सा मैसेज या कॉल भी किसी को यह बताने के लिए पर्याप्त है कि सामने वाला व्यक्ति जीवन में अकेला नहीं है, कोई है जो उसे प्यार करता है, उसकी देखभाल करता है। वी को भरोसेमंद पार्टनर के रूप में स्थापित करते हुए बी समवन्स वी कैंपेन खासतौर पर युवाओं को एक दूसरे के साथ कनेक्ट कर उनके मूड को बेहतर बनाता है।

### मेटा पेनियरबाय मॉल में डिलीवरी पर 10 प्रतिशत से कम रिटर्न मिला

मुम्बई। शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क पेनियरबाय ने घोषणा की है कि उसके मेटा कॉमर्स प्लेटफॉर्म पेनियरबाय मॉल ने असाधारण रूप से कम रिटर्न दरें दर्ज की हैं, जिससे उसके साझेदार ब्रांडों को लागत अनुकूलित करने में मदद मिली है। प्लेटफॉर्म जो अंतिम मील पर सहायता प्राप्त मोड में वस्तुओं और सेवाओं की आसान उपलब्धता को सक्षम बनाता है, उसने 10 प्रतिशत की रिटर्न दर उत्पन्न की है जब औसत दर आम तौर पर 20-30 प्रतिशत के बीच होती है। पिछले छह महीनों में 25000 से अधिक खुदरा विक्रेताओं ने उत्साहपूर्वक इस मंच को अपनाया है। दिलचस्प बात यह है कि जब शहरी और मेट्रो क्षेत्रों की तुलना की जाती है, जहां ई कॉमर्स की पहुंच अधिक है, तो पेनियरबाई मॉल ने ग्रामीण क्षेत्रों में 46 प्रतिशत जीटीवी दर्ज की है, जो अर्ध शहरी क्षेत्रों के करीब 45 प्रतिशत है।

### फ्यूल ने स्थापना दिवस पर वंचित तबके की 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप दी

पुणे। वंचित तबकों के युवाओं के सशक्तिकरण हेतु समर्पित गैर सरकारी संगठन फ्यूल ने पुणे में अपने 17वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया और हाशिए पर जी रहे समुदायों के उत्थान के अपने संकल्प को दोहराया। इस मौके पर रुचिपूर्ण गतिविधियां हुईं और वंचित वर्ग की 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। ये स्कॉलरशिप कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से जिंदगियों को बेहतर बनाने की फ्यूल की प्रतिबद्धता को प्रकट करती हैं। इस खास दिवस पर प्रतिष्ठित व्यक्ति, नीति निर्माता, उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्ति तथा सरकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## केएसबी लिमिटेड को मिला अवार्ड

मुम्बई। केएसबी लिमिटेड जो भारत की अग्रणी पम्प एवं वाल्व निर्माता कम्पनी हैए जिसका सोलर पंपो का निर्माण महाराष्ट्र के सिन्नर में होता है। हाल ही में केएसबी लिमिटेड को उत्तर प्रदेश कृषि विभाग से पीएम कुसुम-3 योजना के कॉम्पोनेन्ट बी के तहत 27.78 करोड़ में 800 सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम लगाने का लेटर ऑफअवार्ड प्राप्त हुआ है। केएसबी की यह उपलब्धि भारत में सस्टेनेबल एग्रीकल्चर मे अपना योगदान देने और रिन्यूएबल एनर्जी सोल्यूशन को बढ़ावा देने में केएसबी लिमिटेड के समर्पण को दर्शाता है। भारत सरकार द्वारा 2019 मे सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए पीएम कुसुम-3 योजना की शुरुआत की गई।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

**वाराणसी** : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

**वर्ष-35 संख्या-12206**
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

**सूचना**

मैने अपना नाम Indrapal से बदलकर Indrapal Yadav रख लिया। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Indrapal Yadav S/o Chhedi Yadav सोमरहा पोस्ट रेहराबाजार जिला बलरामपुर।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम नासीर लिखा है जो कि गलत है सही नाम बीपत है अतः पिता का नाम बीपत किया जाए। शफीक, फिरोजपुर खुर्द, नगर पंचायत दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम Asreen से बदलकर Asreen Nasir रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/o Nasir Ahmad, Add- SS-276, Sec-F, LDA Colony Kanpur road, Lucknow-226012

**सूचना**

मेरा नाम पी.एन.बी मेट लाइफ में Sushma और मेरी जन्मतिथ 10.05.1961 त्रुटिवश अंकित हो गई है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम Sushma Devi और मेरी जन्मतिथ 12.07.1967 है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना लिखा व पढ़ा जाए। Sushma Devi पत्नी Ashok Kumar 48, Hata Ram Das, Sadar Cannt. Lucknow 226002

**सूचना**

मेरा नाम ठाकुर सोहन वीर सिंह (THAKUR SOHAN VIR SINGH) नहीं है। मेरा वास्तविक नाम सोहन वीर सिंह (SOHAN VIR SINGH) है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। सोहन वीर सिंह, पुत्र भगवती सिंह निवासी डी0सी0एम0, श्रीराम लिमिटेड शुगर एण्ड डिस्लरी यूनिट हरियावां, हरदोई

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शबीना सबा पत्नी श्री अफजाल अहमद म.नं. 19/813, से0-19 इन्दिरा नगर, लखनऊ की निवासी हूँ। मेरा विवाह से पूर्व नाम शबीना इरशाद हाशमी पुत्री श्री हरशाद अली हाशमी था जो विवाह के उपरान्त परिवर्तित होकर शबीना सबा हो गया है। कृपया इसे गजट सर्वसाधारण में दर्ज कर दिया जाये।

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारुप**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान सदर जिला लखनऊ**
वाद सं0-टी-202210460205999 सन् 2022 ई0
धारा-116 भू0 राजस्व संहिता 2006
कमलेश कुमार रावत वादी
**बनाम**
**जगली आदि**
जगली पुत्र सुधीर नि0 39 बारूदखाना गोलागंज लखनऊ
अध्यक्ष भूमि प्रबन्ध समिति। ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा लौलाई परगना व जिला लखनऊ।
**प्रतिवादी**
चूंकि उपरोक्त नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 17.10.2023 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07-10-2023 के दिवस को दिखाई गयी।
**न्यायालय की मोहर**

## प्रदेश के चार बस अड्डो को संवारेगा ओमेक्स



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से चार बस स्टेशनों को संवारने के लिये उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने ओमेक्स लिमिटेड को कार्य सौंपा है। इसके अन्तर्गत चार बस स्टेशन का निर्माण जनपद लखनऊ, गाजियाबाद (ओल्ड), कौशाम्बी एवं प्रयागराज में किया जाना है। विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित बस स्टेशन के बारे में बताते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक मोहित गोयल ने कहा कि इस बस स्टैण्ड का निर्माण अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हवाई अड्डों के तर्ज पर इस बस टर्मिनल को बसपोर्ट के रूप में विकसित करेगी जिसमें भू-तल एवं प्रथम तल पर दुकानें, द्वितीय तल पर फूडकोर्ट/रेस्टोरेन्ट एवं उसके ऊपर अत्याधुनिक बैंक्विट हाल होटल सूट्स होंगे जिसके लिए कम्पनी अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय ब्राण्डों को सम्मलित करेगी। श्री गोयल ने यह भी बताया कि इन सभी सुविधाओं का निर्माण विश्वस्तरीय आधुनिक तकनीकों से किया जायेगा। लखनऊ वासियों के खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कंपनी सभी विश्वस्तरीय नामचीन ब्रांडो को लेकर आएगी। सभी दुकानों को वास्तुकला कि झलक के साथ विकसित किया जायेगा, इनका प्रवेश एवं निकास द्वार भी बेहतरीन डिज़ाइन के साथ अलग-अलग बनाया जायेगा इसी तरह होटल एवं रेस्टोरेंट के लिए भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों को लाया जायेगा। लखनऊ वासियों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े इसलिए कंपनी द्वारा भरपूर पार्किंग कि सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-4, बलरामपुर**
ई कोटेशन सूचना संख्या-02/अ0अ0/2023-24

**महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस खण्ड के अंतर्गत सीमेन्ट आपूर्ति हेतु दरें (समस्त करों सहित) सीमेन्ट की आपूर्ति मूल निर्माता कम्पनी से दरें प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से कोटेशन दिनांक 11.10.2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 18.10.2023 को सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19.10.2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में ऑनलाइन खोला जायेगा। कार्यालय बंद होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह कोटेशन अगले कार्यदिवस में उसी समय खोला जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित समस्त विवरण/ शर्तें आदि की सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.upinfo.org एवं वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट www.idup.gov.in पर भी उपलब्ध है।**

ई-कोटेशन के माध्यम से अल्पकालीन कोटेशन नोटिस

02/अ0अ0/2023-24

| क्रं0 सं0 | अधिशासी अभियन्ता खण्ड-4, बलरामपुर के अधीन सरयू नहर कालोनी, उतरौला स्टोर पर आर्डिनरी पोर्टलैण्ड सीमेन्ट (O.P.C.) 43 ग्रेड (50 कि0ग्रा0 के बैग में) आई0एस0 कोड संख्या-8112-1989 मानकों के अनुरूप, की आपूर्ति जिसमें (समस्त टैक्स जैसे-व्यापारकर, एक्साइज ड्यूटी, प्रवेशकर, जी0एस0टी0 आदि तथा स्टोर तक ढुलाई, उतराई एवं चट्टे लगाने का कार्य, सीमेन्ट की कीमत सहित)। | अनुमानित मात्रा (ओ0पी0सी 43 ग्रेड-50 किग्रा के प्रति HDPE बैग में) | सीमेन्ट आपूर्ति करने एवं दर की अवधि | अधिकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सरयू नहर कालोनी उतरौला स्टोर | 8500 बैग | 04 माह | मूल निर्माता |

उ0प्र0 195376 दिनांक-06.10.2023
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

**अधिशासी अभियन्ता**
**सरयू नहर खण्ड-4, बलरामपुर**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-प्रथम, नानपारा, बहराइच**
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0-03/अधि0अभि0/2023-24

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राइस-बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में सिविल कार्यों हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.10.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 19.10.2023 अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 19.10.2023 के अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-प्रथम, नानपारा, बहराइच के कार्यालय में गठित समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस-बिड/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निनिवदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय पर खोली जायेगी।

निविदायें दिनांक 12.10.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 19.10.2023 अपरान्ह 02.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-प्रथम, नानपारा/टेण्डर समिति का होगा। कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-

| क0/लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 छोड़कर) (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी.+ स्टेशनरी का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सरयू पम्प नहर के किमी0 0.000 से किमी0 6.000 तक बेड और वर्म स्कैपिंग/जंगल सफाई का कार्य । | 3.04 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.0608 | 15 दिवस | 150+27+500 =Rs 677.00 | "सी" या उच्च |
| 2 | सरयू पम्प नहर के किमी0 6.500 से किमी0 10.600 तक बेड और वर्म स्कैपिंग/जंगल सफाई का कार्य। | 2.47 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.0494 | 15 दिवस | 150+27+500 =Rs 677.00 | "सी" या उच्च |
| 3 | सरयू पम्प नहर के किमी0 10.600 से किमी0 18.200 तक बेड और वर्म स्कैपिंग/जंगल सफाई का कार्य । | 5.58 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.1116 | 15 दिवस | 225+41+500 =Rs 766.00 | सी या उच्च |
| 4 | सरयू पम्प नहर के किमी0 18.200 से किमी0 29.037 तक बेड और वर्म स्कैपिंग/जंगल सफाई का कार्य। | 6.66 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.1332 | 15 दिवस | 225+41+500 =Rs 766.00 | "सी" या उच्च |

इस निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें तथा विवरण उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://upgov.nic.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.gov.in, सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in तथा http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट से ड्राइंग उपलब्ध न होने अथवा निविदा प्रपत्र में संलग्न न होने अथवा किसी भिन्नता की स्थिति में सम्बन्धित ड्राइंग/प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में उपलब्ध होंगे तथा कार्यालय में उपलब्ध डाक्यूमेंट ही अन्तिम एवं मान्य होंगे।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड-प्रथम,
नानपारा, बहराइच

उ0प्र0 195446 दिनांक-07.10.2023
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अ0अनुरक्षण खण्ड नं0-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ**
पत्रांकः- 1970/टेन्डर/2023 दिनॉकः-04.10.2023
**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा जनपद लखनऊ में निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम-11 के अनुसार निविदा डालने योग्य होंगे।

| क्र सं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | बहुखण्डीय मंत्री आवास स्थित आवास संख्या-बी-503 में प्लास्टर एवं मरम्मत कर रंगाई पुताई का कार्य, बाथरूमो का नवीनीकरण, क्षतिग्रस्त दरवाजे/क्षतिग्रस्त खिडकी बदलना, एल्मूनियम कार्य एवं अन्य कार्य। | 3.93 | 0.40 | 748.00 | 30 दिन | अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सि.) लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, 39वॉ वृत्त लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता, (भवन), लो.नि.वि., लखनऊ | ए, बी, सी, डी |
| 2 | लखनऊ | बहुखण्डीय मंत्री आवास स्थित आवास संख्या-ए-1204 में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.77 | 0.38 | 748.00 | 30 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3 | लखनऊ | बहुखण्डीय मंत्री आवास स्थित आवास संख्या-सी-102 में बाथरूम/किचेन का नवीनीकरण, कमरो मे विट्रीफाइड टाइल्स लगाना अन्य कार्य। | 3.38 | 0.34 | 748.00 | 30 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4 | लखनऊ | बहुखण्डीय मंत्री आवास स्थित आवास संख्या-सी-701 में बाथरूम/किचेन का नवीनीकरण एवं अन्य कार्य। | 3.08 | 0.31 | 748.00 | 30 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5 | लखनऊ | बहुखण्डीय मंत्री आवास स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य पार्ट-1। | 4.00 | 0.40 | 748.00 | 60 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6 | लखनऊ | बहुखण्डीय मंत्री आवास स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य पार्ट-2। | 4.00 | 0.40 | 748.00 | 60 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं जिनका विवरण तालिका के कॉलम 8, 9, में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-12.10.2023 से 18.10.2023 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त धनराशि रू0 500/-देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिये दिनांक-17.10.2023 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.uppwd.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू0 500/- के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-18.10.2023 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-18.10.2023 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

उ0प्र0 195441 दिनांक-07.10.2023
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

अधिशासी अभियन्ता
अ0अनुरक्षण खण्ड-3(सिविल)
लो0नि0वि0, लखनऊ।